विभिन्न मंत्रालयों पर टेलीफोन शुल्क को बकाया राशि

2759. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन ऐसी कोई योजना है कि जिन सरकारी टेलीफोनों के बारे में टेलीफोन बिल की राशि बकाया है उनके कनेक्शन काट दिये जायें; और

(ख) वित्त वर्ष, 1968-69 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों में बिल की अदायगी न करने के कारण कितने कनेक्शन काटे गये ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क) बिलों की राशि का भुगतान न करने पर टेलीफोन कनेक्शन काट देने की एक पद्धति पहले से चालू है और कुछएक उच्च सरकारी अधिकारियों को छोड़ कर अन्य किसी को भी इससे छूट नहीं दी जाती।

(ख) सूचना उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह सरकार के मंत्रालयों के अनुसार नहीं रखी जाती।

देवरिया की चितौनी शूगर मिल को बिक्री के लिये चीनी देने का आदेश

2760. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चितौनी शुगर मिल, देवरिया को अगस्त, सितम्बर, 1969 में चीनी की 700 बोरियां बिक्री के लिए देने का आदेश दिया गया था :

(ख) यदि हां, तो क्या उपर्युक्त विक्रय आदेश किसी विशेष कारण से दिया गया था और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उस विक्रय आदेश को बाद में रद्द कर दिया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इस के क्या कारण थे ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ). प्रश्न हीं नहीं उठते।

आलू के मूल्यों में उतार चढ़ाव

2761. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967-68 में विशेषत: फसल के समय तथा 1968-69 में आलू के भाव क्या रहे ;

(ख) क्या दो वर्षों में आलू के भावों में भारी उतार चढ़ाव रहा है;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच है कि 1968-69 में किसानों को आलू की फसल से बहुत अधिक हानि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो आलू के मूल्यों में अधिक उतार चढ़ाव को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) सन् 1967-68 और 1968-69 में मेरठ, दिल्ली और कलकत्ता के बाजारों में आलूओं के कटाई मूल्य नीचे दिए गए हैं :